बरेली, सोमवार
2 नवंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=22

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

रिद्धिमा में कथक की 'रहस' प्रस्तुति ठुमरी के विविध रंगों ने मोहा मन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 Nov): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति 'रहस' का आयोजन किया गया. इसमें कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा से ठुमरी के विविध रंग बिखेरे. कार्यक्रम की शुरुआत 'मोहे पनघट पे नंदलाल' की प्रस्तुति से हुई. विद्यार्थियों ने अपनी भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध नृत्य से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी. कार्यक्रम में गौरिका, नायरा, नितारा, करुणया, मीरा, अनुभूति, नित्या अग्रवाल, गौरवी, गुरनूर, खुशी, वर्णिका, बबिता, दीक्षा, जाह्नवी, नीरू, निकिता, डॉली, अपूर्वा, शोखी, मधुर, अनाया, पर्णिका, अनिका, जोया, गायनवी, गौरा, अवियाना, आयत, समृद्धि, इक्शा, त्रिज्ञानशि, काइरा, विवक्षा, नित्या ढींगरा, वैदेही, प्रकृति, ऋत्विका, नूपुर, सपना, नियति, सुषमा, तृप्ता और क्षमा ने कथक की प्रस्तुतियां दीं. विद्यार्थियों ने 'सांवर गिरधर मोरे', 'सब बनठन आई श्याम', 'कहे करत मोसे' और 'डगर चलत देखो श्याम' जैसी ठुमरियों पर नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया.

